छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

क्रमांक –04 / वि.स. / सं.–29 / 16 रायपुर, दिनांक 02.03.2016

/ /निविदा आमंत्रण सूचना/ /

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय की सामग्रियों की " जहाँ है जैसा है" के आधार पर रद्दी साहित्य, समाचार पत्र, कटिंग पेपर (श्रेडिंग) इत्यादि विक्रय हेतु एकमुश्त (LUMP SUM BASIS) आधार पर प्रतिष्ठित फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक 26 मार्च, 2016 को अपरान्ह 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है ।

सामग्री के अवलोकन एवं निविदा की शर्तों हेतु कार्यालयीन समय में विधानसभा सचिवालय की संपदा शाखा कक्ष क्रमांक–बी–7 से संपर्क किया जा सकता है । निविदा की शर्तें सचिवालय की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी .

अपर सचिव,
छत्तीसगढ़ विधान सभा.

// निविदा/विक्रय की शर्तें //

1. 'जहां है जैसा है' के आधार पर रद्दी साहित्य, समाचार पत्र एवं कटिंग पेपर (श्रेडिंग) आदि विक्रय किया जाना प्रस्तावित है । निविदाकर्ता फर्म को एकमुश्त (LUMP SUM BASIS) दर का प्रस्ताव स्पष्ट रूप से देना होगा । अन्य शर्तों या आधार पर प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं की जावेगी ।

2. कार्यालयीन दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के मध्य सामग्री का अवलोकन किया जा सकता है ।

3. निविदाकर्ता फर्म को अमानत राशि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक/अनुसूचित एवं राष्ट्रीयकृत बैंक का राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार मात्र) की एफ.डी. (सावधि जमा) प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर के नाम से देय संलग्न करना होगा ।

4. स्वीकृत निविदाकर्ता फर्म को आदेश की तिथि से एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत निविदा राशि का पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही विधानसभा सचिवालय से अनुमति उपरान्त विधानसभा परिसर से 10 दिवस के भीतर सामग्री का परिवहन स्वयं के व्यय पर करना होगा । विलंब की स्थिति में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी एवं संबंधित फर्म की निविदा निरस्त कर आगामी कार्यवाही की जावेगी ।

5. निविदा प्रस्ताव विधानसभा भवन स्थित अनुभाग अधिकारी, संपदा शाखा कक्ष क्रमांक-बी-7 के पास दिनांक 26 मार्च, 2016 अपराह्न 4:00 बजे तक जमा किया जा सकता है ।

6. निर्धारित समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।

7. किसी भी अथवा सभी निविदाओं को मान्य या अमान्य करने का प्राधिकार प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा को होगा ।